

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

कॉलेज में कम अटेंडेंस रहती थी: मलाइका

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 42 ■ अंक : 242 ■ बुधवार, 18 दिसंबर 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

# ढाबे-होटल पर पुलिस के निशाने पर

## अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए हाईवे पर फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात

**उल्हासनगर.** दिसंबर का महीना आते ही हर कोई क्रिसमस और नए साल का स्वागत करने के लिए उत्सुक रहता है. इसी पृष्ठभूमि में बड़ी संख्या में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। साथ ही अवैध शराब बिक्री के साथ यातायात बढ़ने की भी आशंका है. ठाणे राज्य उत्पाद शुल्क विभाग भी इस यातायात और बिक्री को रोकने के लिए तैयार है। हटभट्टी और गावठी शराब, बार, हाईवे ढाबा, होटल आदि के साथ पुलिस की विशेष नजर रखी जाएगी। इस काम के लिए चार फ्लाइंग स्क्वॉड को तैनात किया जाएगा। दिलचस्प बात यह है कि इसी तरह की कार्रवाई में हिमाचल प्रदेश और गोवा राज्यों में निर्मित शराब का एक बड़ा स्टॉक भी जब्त किया गया है।

**18002339999**
**टोल नंबर**
**8422001133**
**व्हाट्सएप नंबर पर करें शिकायत**



दिसंबर माह के अंत में क्रिसमस और फिर 31 तारीख को दो दिनों तक जिले में विभिन्न स्थानों पर निजी कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं. क्रिसमस और नए साल के मौके पर परिवार और दोस्त मछली, चिकन और मटन खाने के लिए इकट्ठा होते हैं। इसलिए, ठाणे जिले में अवैध विदेशी और नकली शराब बिक्री के लिए आने की संभावना है। इसे गंभीरता से लेते हुए ठाणे जिले के सभी फील्ड इंस्पेक्टरों को सतर्क रहने और कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है. यदि कोई व्यक्ति अवैध शराब की बिक्री के बारे में शिकायत करना चाहता है, तो उनसे टोल नंबर 18002339999 और व्हाट्सएप नंबर 8422001133 पर संपर्क करने की अपील की है।

ठाणे राज्य उत्पादन विभाग की ओर से सतर्कता बरती गई है. तदनुसार, अधीक्षक प्रवीण तांबे के मार्गदर्शन में, चार भरारी टीमों को जिले के विभिन्न हिस्सों में तैनात किया जाएगा। टीमों में एक निरीक्षक, दो सहायक निरीक्षक, तीन कांस्टेबल और एक चालक शामिल हैं। टीमों के माध्यम से अवैध शराब बिक्री समेत यातायात पर विशेष नजर रखी जाएगी। रात्रि गश्त की जायेगी. नए साल के जश्न के मद्देनजर राज्य उत्पादन विभाग अंबरनाथ, भिवंडी, उल्हासनगर समेत विभिन्न इलाकों में अवैध ग्रामीण शराब उत्पादन केंद्रों पर कड़ी नजर रखेगा। इसके लिए एक टोल फ्री नंबर और एक व्हाट्सएप नंबर भी लॉन्च किया गया है.

# बदलापुर में महिला से 11 लाख की ठगी

### 'डिजिटल अरेस्ट' का एक और मामला

**बदलापुर.** जेट एयरवेज के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया गया है और इसमें नरेश गोयल के साथ आपका नाम भी शामिल है. बदलापुर की एक महिला से ऑनलाइन 11 लाख 60 हजार रुपए की आनलाइन ठगी की गयी है. इस संबंध में बदलापुर पूर्व थाने में मामला दर्ज कराया गया है.

बदलापुर पूर्व के खरवाई इलाके में रहने वाली एक महिला को 16 अक्टूबर को एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया। बताया गया कि इस फोन पर पुलिस सब इंस्पेक्टर कोली मुंबई से बात कर रहा था. जेट एयरवेज के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया गया है. साइबर अपराधी ने महिला से कहा कि इस अपराध में नरेश गोयल के साथ आपके खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है.

यह सुनकर संबंधित महिला ने अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए फर्जी पुलिस खाते में 11 लाख 60 हजार रुपये की रकम ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी. चौंकाने वाली बात



यह है कि साइबर चोर ने महिला को उसकी व्हाट्सएप आईडी के जरिए पुलिस विभाग के नाम पर शुरुआत में 1 लाख रुपये की रसीद भेजी। इसके बाद साइबर चोर ने महिला को 10 लाख 60 हजार रुपये की रसीद भी भेजी.

संबंधित महिला से 11 लाख 60 हजार रुपये ऐंठने के बाद जालसाजों ने महिला को फोन करना बंद कर दिया. साथ ही उन्होंने क्लोजर भी नहीं लिया था. इसलिए, यह महसूस करने के बाद कि उसे साइबर चोरों ने धोखा दिया है, संबंधित महिला ने बदलापुर पूर्व पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

# 4 साल के बच्चे का अपहरण

**कल्याण.** शील -डायघर पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याण फाटा इलाके में चार साल के बच्चे का कथित तौर पर अपहरण का मामला सामने आया है. पुलिस इस संदर्भ में मामला दर्ज कर बच्चे की तलाश कर रही है.

शील -डायघर थाने के एक अधिकारी ने बताया कि बच्चे का कथित तौर पर उसके घर के पास से अपहरण किया गया था. पुलिस के अनुसार उसके परिवार ने उसकी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला.जिसके बाद परिवार ने सोमवार को पुलिस से संपर्क किया. परिवार की तरफ से लिखाई गयी तहरीर के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) (अपहरण) के तहत मामला दर्ज किया गया. पुलिस ने बताया कि बच्चे का पता लगाने के लिए प्रयास जारी हैं.

### अंबरनाथ, बदलापुर, उल्हासनगर में पड़ रही कड़ाके की ठंड

# बदलापुर @ 9.4 डि.से.

### अंबरनाथ 10.5, और उल्हासनगर में 11 डिग्री सेल्यिस ठंड

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ, बदलापुर, उल्हासनगर में गत दो दिनों से ठंड हवाओं की लहर चल रही है. मंगलवार को कर्जत से अंबरनाथ तक सबसे ज्यादा ठंड बदलापुर में महसूस की गई है. बदलापुर में मंगलवार सुबह 8.4 डि.से. ठंड रही. अंबरनाथ में 10.5 तो उल्हासनगर में 11 डिग्री तापमान रहा. अबी और दो से तीन दिन तक कड़ाके की ठंड पड़ेगी. ऐसा मौसम विभाग की ओर से बताया गया है.

दो दिनों पूर्व मंगलवार के मुकाबले कम ठंड रही. अंबरनाथ में साढ़े दस डिग्री, कल्याण में 11.5 डि. ठंडी रही.

बताया गया है कि उत्तर दिशा से ठंडी हवाएं चल रही हैं. इसलिए कड़ाके की ठंड पड़ रही है. कुछ



दिनों पूर्व ठंड एकदम से कम हो गई थी. गरम कपड़े, स्वेटर, टोपी, मोजे विक्रेता चिंता में थे कि उनके गरम कपड़े कब बिकेंगे. लेकिन अब ठंड बढ़ने से गरम कपड़ों की खरीदारी बढ़ गई है. जरूरी काम से एवं नौकरी पेशा लोग सुबह में गरम कपड़े पहनकर घर से बाहर निकल रहे हैं. ठंड बढ़ने से सुबह में वॉक पर जाने वालों की संख्या भी कम हो गई है. दिसंबर का महिना चल रहा है. हमारे यहां जनवरी, फरवरी तक ठंडी शुरू रहती है. उपरोक्त महिने में ठंड बढ़ने के आसार हैं. ठंड बढ़ने से जगह-जगह आग तापते हुए लोगों को देखा जा रहा है.

# उल्हासनगर मनपा TP के खिलाफ पुणे में धरना

- प्रहार जनशक्ति पार्टी व राष्ट्र कल्याण पार्टी ने दिया धरना
- टाउन प्लानर ललित खोब्रागड़े के खिलाफ आंदोलन
- निदेशक ने जांच के आदेश दिए



**उल्हासनगर.** प्रहार जनशक्ति पार्टी और राष्ट्र कल्याण पार्टी ने उल्हासनगर महानगरपालिका के टाउन प्लानर ललित खोबरागड़े के खिलाफ पुणे के टाउन प्लानिंग निदेशक के हॉल में धरना दिया।

प्रहार के अध्यक्ष स्वप्निल पाटिल और उनके कार्यकर्ता पुणे गये उन्होंने यहां निदेशक कार्यालय में धरना दिया, साथ ही कल्याण डोंबिवली क्षेत्र में डीपी रोड संशोधन, 65 इमारतों के विध्वंस से कई लोग बेघर हो जाएंगे, लेकिन संबंधित योजनाकारों या अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है इन मुद्दों पर राष्ट्रकल्याण पार्टी कार्यकर्ताओं ने कुछ देर तक निदेशक कार्यालय में हंगामा किया। इस मामले में निदेशक ने जांच के आदेश दिये हैं।

# मोबाइल की गुलामी से हम सबको छुटकारा पाना है : सिस्टर शिवानी

- हमने ही बच्चों को मोबाइल का गुलाम बनाया



**अंबरनाथ.** आजकल लगभग सभी लोग मोबाइल के गुलाम बन गए हैं. हम को इस गुलामी से छुटकारा पाना है. हम मालिक हैं और मोबाइल हमारा सेवक है. मोबाइल को हम लोगों को जरूरत के हिसाब से इस्तेमाल करना चाहिए. उसका गुलाम बनके रहना ठीक बात नहीं है. मोबाइल ये धोखादायक नशा है. वह हमारे साथ हमारे बच्चों के लिए नशा जैसे बन चुका है. बच्चे को बड़ों ने ही मोबाइल का गुलाम बना दिया है. इस गुलामी से दूर रहने के लिए हम को शक्तिशाली होना जरूरी हो गया है. ये नसीहत आमोज मार्गदर्शन अंबरनाथ के आर्डनेंस इस्टेट में ब्रह्मा कुमारीज अंबरनाथ द्वारा आयोजित 'शांत मन, खुशनुमा जीवन' कार्यक्रम में बी. के. सिस्टर शिवानी ने किया. शांति ये मेरा संस्कार है. मैं शांत स्वरूप आत्मा हूं. इस बात को हमें खुद बार-बार याद दिलाना है. हम लोग कम पैसों में अपना जीवन बिता सकते हैं. फिर भी हम अनेक वस्तु खरीद कर आनंद प्राप्त करने का प्रयत्न करते हैं. सच में ये हमें आनेद नहीं देते हैं. अपना विचार हमें आनंद देता है. ऐसा सिस्टर शिवानी ने हजारों उपस्थितों को



मार्गदर्शन करते हुए नसीहत की.

संस्कार परिवर्तन करता है. इसमें भारत की बड़ी भूमिका है. पूरा विश्व भारत की तरफ विश्वास से देख रहा है. भारत के पास आध्यात्मिक, शिक्षण और संस्कार है. भारत देश को शक्तिशाली बनाना है और कलियुकी दुनिया को सतयुगी बनाना ये हम सब लोगों की जिम्मेदारी है. शनिवार सुबह में 7 से 9 बजे तक बी. के. शिवानी का मार्गदर्शन शांत मन से सुना गया.

# आरक्षित भूखंड पर खड़ी हो गई दस मंजिला इमारत

- निर्माण कार्य 2015 में शुरू हुआ
- महानगर पालिका अब नींद से जागी



**कल्याण.** एक तरफ जहां हाईकोर्ट ने कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका की सीमा में बनी 65 अवैध इमारतों को अगले तीन महीने में गिराने का आदेश दिया है, वहीं एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि आरक्षित भूमि पर दस मंजिला इमारत का निर्माण किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि महानगर पालिका ने अब इस इमारत के अनधिकृत निर्माण का संज्ञान लिया है, जो 2015 से चल रहा है, और बिल्डर के खिलाफ एमआरटीपी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर महानगर पालिका से अनुमति प्राप्त कर रेरा प्राधिकरण से निर्माण प्रमाण पत्र प्राप्त करने वालों पर अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। इसके बावजूद मनपा सीमा के भीतर अवैध निर्माण जारी है। कल्याण पश्चिम में बंदर रोड पर आरक्षण क्रमांक 58 'खेल का मैदान' और आरक्षण क्रमांक 97 'बेघरों के लिए घर' से प्रभावित क्षेत्र पर 10 मंजिला इमारत 'यूसुफ हाइट्स' के निर्माण के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी।

तदनुसार, निरीक्षण के बाद बीट मुकादम द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार, निर्माण के मालिक सलमान अनीस डोलारे को भवन के निर्माण की वैधता की पुष्टि करने के लिए 'सी' वार्ड कार्यालय द्वारा सुनवाई के लिए बुलाया गया था। महानगरपालिका ने इमारत को अनधिकृत घोषित कर दिया क्योंकि सुनवाई के दौरान उन्होंने निर्माण की अनुमति साबित करने वाले कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए।

### इमारत की वैधता का सत्यापन करें

इस बीच, मनपा क्षेत्र में अनधिकृत रूप से बहुमंजिला इमारतों के निर्माण के कारण नागरिकों के साथ धोखाधड़ी की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। इसलिए, नागरिकों को मनपा क्षेत्र में कोई भी संपत्ति खरीदने से पहले संपत्ति की वैधता की प्रामाणिकता की पुष्टि कर लेनी चाहिए। डोलारे को नगर नियोजन विभाग की भवन निर्माण अनुमति के बिना किए गए अनधिकृत निर्माण को अपने खर्च पर हटाने का नोटिस भी जारी किया गया। हालाँकि, उन्होंने इस पर कोई ध्यान दिए बिना ही भवन का निर्माण पूरा कर लिया। इसलिए, नगरपालिका ने सलमान डोलारे के खिलाफ एमआरटीपी अधिनियम के तहत बाजारपेट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है, क्योंकि ऐसा प्रतीत होता है कि अतिक्रमण के कारण इमारत में अवैध रूप से अतिरिक्त मंजिलों का निर्माण किया गया है।

# अवैध फेरीवालों से कब मिलेगी नागरिकों को मुक्ति!

- सिलेंडर ब्लास्ट के बाद भी फेरीवालों पर कार्रवाई नहीं
- प्रशासन कागजी कार्रवाई से संतुष्ट

**बदलापुर.** बदलापुर में फेरीवालों की समस्या गंभीर हो गई है, लेकिन अवैध फेरीवालों के खिलाफ अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। पुलिस द्वारा रेहड़ी-पटरी वालों के खिलाफ रोजाना दर्ज किए जा रहे मुकदमे और नगर पालिका की अतिक्रमण विरोधी टीमों की कार्रवाई भले ही व्यवस्था के दस्तावेजों को संतुष्ट कर रही हो, लेकिन रेहड़ी-पटरी वालों की जांच से नागरिकों को मुक्ति मिलती नहीं दिख रही है।

सभी शहरों में अवैध फेरीवालों की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है. न्यायालय द्वारा बार-बार नगर पालिकाओं को अवैध फेरीवालों के खिलाफ ठोस कदम उठाने और कार्रवाई करने का आदेश देने के बावजूद, राजनीतिक दबाव और निहित स्वार्थों के कारण नगर पालिकाओं की व्यवस्था फेरीवालों के खिलाफ कार्रवाई करने में पूरी तरह से विफल रही है। पहले केवल स्टेशन क्षेत्र में अवैध फेरीवालों की गतिविधि हुआ करती थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में अंबरनाथ, बदलापुर शहरों के सभी विस्तारित क्षेत्रों में बढ़ गई है। इसलिए अवैध हॉकर रिहायशी इलाकों, स्कूलों, अस्पतालों व शहर के विभिन्न



चौक-चौराहों पर दुकान लगा रहे हैं. इसके कारण सड़कें जाम हो गई हैं और कई रिहायशी इलाकों में शांति भंग हो गई है और निवासियों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है.

इसके चलते पिछले सप्ताह बदलापुर के मांजर्ली इलाके में एक इमारत के नीचे एक फेरीवाले की कार में सिलेंडर फटने से एक व्यक्ति घायल हो गया था और इमारत में मौजूद कई घर क्षतिग्रस्त हो गये थे. हालांकि, ऐसी घटनाओं के बाद ही सक्रिय होने वाले नगर निगम प्रशासन द्वारा अवैध फेरीवालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई दिखावटी है

परिमंडल चार के अंतर्गत आने वाले तीनों शहरों अंबरनाथ, उल्हासनगर और बदलापुर में स्थानीय पुलिस स्टेशन नियमित रूप से अवैध फेरीवालों के खिलाफ बड़ी संख्या में मामले दर्ज कर रहे हैं। हालाँकि, इन अपराधों के बावजूद, फेरीवालों की संख्या को नियंत्रित करने और सड़कों को अवरुद्ध करने की समस्या का कोई समाधान नहीं है। इसलिए फेरीवालों पर कानून का कोई डर नहीं है और सवाल उठ रहा है कि क्या ये अपराध सिर्फ पुलिस रिकॉर्ड तक ही सीमित हैं.

# बांग्लादेशी दंपति को क्राइम ब्रांच ने पकड़ा

- 17 सालों से अवैध रूप से रह रहे थे

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने भारत में अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी जोड़े को गिरफ्तार किया है. टाटा कॉलोनी इलाके में छापेमारी कर जोड़े को पकड़ा गया, महिला होटल में वेटर का काम करती थी। उल्हासनगर क्राइम ब्रांच की टीम ने टाटा पावर इलाके के ओल्ड सोनिया कॉलोनी में अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी जोड़े को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपनिरीक्षक प्रवीण खोचरे को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के



मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। छापेमारी दल में सुरेश जाधव, प्रकाश पाटिल, रामदास उगले, मनोरमा सावले और विक्रम पाटिल शामिल थे। अंजुरा कमाल हसन और कमल हसन हरजाद अली पिछले 17 साल से कल्याण में अवैध रूप से रह रहे हैं।

# मनपा के मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल को लेकर कई शिकायतें

- सस्ती स्वास्थ्य सेवा के नाम पर गड़बड़ी का आरोप
- विधायक आयलानी ने उठाया सवाल

**उल्हासनगर.** कई सामाजिक संगठनों का आरोप है कि म्हारल में उल्हासनगर मनपा के मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल को लेकर शहर के नागरिकों की शिकायतें बढ़ती जा रही हैं और यह अस्पताल सस्ती स्वास्थ्य सेवा के नाम पर नागरिकों से धोखा कर रहा है। विधायक कुमार आयलानी ने सामाजिक संगठनों और नागरिकों से मिल रही शिकायतों की ओर मनपा प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया और मनपा सभागार में अस्पताल की नियंत्रण समिति की बैठक कर इस संबंध में जानकारी ली. बैठक में विधायक कुमार आयलानी, विधायक सुलभा गायकवाड़, विधायक डॉ. बालाजी किनिकर, मनपा आयुक्त विकास ढाकने, अस्पताल ट्रस्टी डॉ. पॉल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मोहिनी धर्मा, अपर आयुक्त किशोर गवास एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



अस्पताल में शिकायत पेटी नहीं है, अस्पताल में बाउंसर नियुक्त है, मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में मनपा का कोई कर्मचारी मौजूद नहीं है, महात्मा फुले सहित अन्य राज्य व केंद्र सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं का कुछ लाभ मिल रहा है. हालाँकि, ऐसी भी कई शिकायतें हैं कि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का इलाज नहीं किया जाता है, शाम के बाद आपातकालीन रोगियों को भर्ती नहीं किया जाता है, इत्यादि।



इस संबंध में अस्पताल जनसंपर्क अधिकारी अक्षय लोंढे का कहना था कि हम देर रात तक गंभीर मरीजों का इलाज कर रहे हैं और हमारे पास इसके लिए आवश्यक स्टाफ उपलब्ध है। मरीजों को सभी सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं, हम नगरपालिका दिशानिर्देशों के अनुसार मरीजों से आवश्यक दस्तावेज मांगते हैं। इसके अलावा कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाता है.

वहीं इस बारे में बताते हुए मनपा आयुक्त विकास ढाकने ने कहा कि अब से इस अस्पताल में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का इलाज किया जाएगा, इस पर आने वाला खर्च मनपा द्वारा वहन किया जाएगा. कमिश्नर ने आदेश दिया है कि अस्पताल में नियुक्त सभी बाउंसरों को रद्द किया जाए और उनकी जगह सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति की जाए.

मरीजों को चिकित्सीय असुविधा से बचाने की व्यवस्था

इस अस्पताल के बगल में डायलिसिस सेंटर, शिशु रोग वार्ड, प्रसूति वार्ड, एमआरआई मशीन आदि की तत्काल व्यवस्था करने पर सहमति बनी. अस्पताल के लिए जल्द ही एंबुलेंस की भी व्यवस्था की जायेगी. आयलानी ने कहा कि डॉक्टर, महानगर पालिका और अस्पताल प्रशासन को उचित व्यवस्था करनी चाहिए ताकि क्षेत्र के नागरिकों को किसी भी चिकित्सा असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके अलावा जिनके पास पीला राशन कार्ड है उनकी जांच की जानी चाहिए और यदि संभव हो तो मुफ्त उपचार प्रदान किया जाना चाहिए.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास – लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## नक्सलियों पर दबाव

छत्तीसगढ़ में नक्सली संगठनों के गढ़ में पहुंचकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने की अपील करते हुए यह जो कहा कि उनके समक्ष इसके अलावा और कोई उपाय नहीं है, वह कहना इसलिए आवश्यक था, क्योंकि नक्सली अब भी मुख्यधारा में लौटने के लिए तैयार नहीं दिख रहे हैं। इन स्थितियों में यही उचित होगा कि उनके आत्मसमर्पण की राह खुली रखने के साथ ही उन पर निरंतर दबाव बनाए रखा जाए। उनके सामने यह बार-बार स्पष्ट करना होगा कि वे बंदूक के बल पर सत्ता एवं व्यवस्था परिवर्तन का जो सपना देख रहे हैं, वह कभी पूरा होने वाला नहीं है।

केंद्रीय गृहमंत्री पिछले कुछ समय से यह दोहरा रहे हैं कि केंद्र सरकार मार्च 2026 तक नक्सलवाद की समस्या को पूरी तरह खत्म कर देगी। इस लक्ष्य को पाने के लिए जहां यह आवश्यक है कि नक्सल प्रभावित राज्यों की सरकारें केंद्र सरकार का पूरा सहयोग करें, वहीं नक्सलियों के प्रभाव वाले इलाकों में विकास एवं जनकल्याण की योजनाएं तेजी से आगे बढ़ाई जाएं।

ऐसा इसलिए किया जाना चाहिए, ताकि नक्सली संगठन और उनके वैचारिक समर्थक कहे जाने वाले तत्व यानी अर्बन नक्सल यह दुष्प्रचार न करने पाएं कि दूरदराज के इलाकों में शासन विकास पर ध्यान नहीं देता। वैसे इस दुष्प्रचार की कलई खुल चुकी है और यह साबित हो चुका है कि नक्सली ही ग्रामीण इलाकों में विकास कार्यों में बाधक बने हुए हैं।

यह किसी से छिपा नहीं कि नक्सली किस तरह अपने इलाकों में सड़कें नहीं बनने देते और स्कूलों एवं अस्पतालों के निर्माण में अड़ंगा लगाते हैं। उनकी इन्हीं हरकतों के चलते इसका पर्दाफाश हो चुका है कि वे निर्धन तबकों के हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं। वास्तव में वे इन वर्गों के हितों की रक्षा में सबसे अधिक बाधक बनकर उभरे हैं और इसीलिए उनका प्रभाव कम होता चला जा रहा है।

यह उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या में कमी दर्ज की गई है। 2019 में नक्सली हिंसा से प्रभावित जिलों की संख्या 90 थी। अब यह संख्या 40 से भी कम रह गई है। इस संख्या में और अधिक कमी तब आएगी, जब नक्सलियों को यह महसूस होगा कि उनके छिपने के लिए कोई जगह नहीं रह गई है।

# संगीत और संस्कृति के महान साधक : जाकिर हुसैन

जाकिर हुसैन के निधन से भारत ने एक महान तबलावादक, शास्त्रीय संगीत के विख्यात फनकार और भारतीय संस्कृति के प्रसारक को खो दिया। वह जितने बड़े कलाकार थे, उतने ही बेहतरीन इंसान। उन्होंने बचपन से ही तबला वादन शुरू कर दिया था और कम उम्र में शोहरत की बुलंदियों पर पहुंच गए थे।

उन्होंने तमाम दिग्गज कलाकारों के साथ प्रस्तुतियां दीं-देश में भी और विदेश में भी। उन्होंने अपने पिता की पीढ़ी के दिग्गज फनकारों के साथ भी काम किया और नई पीढ़ी के उभरते कलाकारों के साथ भी। उन्होंने तबले को देश और दुनिया में पहचान तो दिलाई ही, उसे लोकप्रिय बनाने का भी काम किया।

उनका नाम तबले का पर्याय बन गया था और पूरी दुनिया उनके नाम से परिचित थी। वह उस्ताद कहलाते थे, लेकिन खुद को सदैव शागिर्द मानते थे। वह इतने प्रतिभाशाली थे कि उन्होंने सात साल की उम्र में अपना पहला कंसर्ट किया और 12 साल की उम्र से विदेश में कार्यक्रम करने शुरू कर दिए।

जाकिर हुसैन बेहद हंसमुख और मिलनसार इंसान थे। वह जितना आदर बड़ों को देते थे, उतना ही छोटों को प्यार देते थे। मुझे याद है कि करीब दो वर्ष पहले दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान जब मैं उनसे मिला तो उन्होंने बेहद आत्मीयता से बात की। कार्यक्रम के बाद उनसे मिलना मुश्किल होता था।

इसलिए मैं उनसे कार्यक्रम के पहले ही मिलना पसंद करता। वह हम जैसे कलाकारों से मिलते समय ऐसा जताते कि हमें अच्छे से जानते हैं। यदि कोई अपने बारे में बताने



लगता तो कहते कि हां भाई, मैं आपको अच्छे से जानता हूं और आपसे मिल चुका हूं। वह उस जमाने में तबला वादक के रूप में स्टार बन गए थे, जब इंटरनेट मीडिया का चलन नहीं था और संगीत जगत और खासकर शास्त्रीय संगीत में नाम कमाना एक मुश्किल काम था।

वह केवल तबला वादन में ही दक्ष नहीं थे, वह शास्त्रीय संगीत की अन्य विधाओं से भी अच्छी तरह परिचित थे। वह जिस भी काम में रुचि दिखाते, उसमें महारत हासिल कर लेते। वह हमेशा कुछ नया सीखने के लिए तत्पर रहते थे और अपने शिष्यों से कहते थे कि गुरु से जो सीखें, उससे इतर भी कुछ नया करने की कोशिश करें। वह जबरदस्त कलाकार थे।

मैं जब भी उनसे मिला, उनसे कुछ न कुछ सीखने को मिला। वह जहां भी जाते, खुद को वहां के माहौल में ढाल लेते। वह विदेश में भी स्टार कलाकार का दर्जा रखते थे। उन्होंने विदेश में भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार में जैसी भूमिका निभाई, उसकी मिसाल मिलना मुश्किल है। उनकी सादगी, उनकी संगीत साधना और उनका जीवन भारतीय संस्कृति का परिचायक था। यह उनकी लोकप्रियता का कमाल था कि उन्होंने कई उत्पादों के लिए विज्ञापन भी किए।

जाकिर हुसैन जितने भारत में लोकप्रिय थे, उतने ही विदेश में भी। पश्चिम में उनकी पहचान एक महान भारतीय संगीतकार के रूप में भी थी। उन्होंने कुछ फिल्मों में संगीत भी दिया। इनमें हिंदी फिल्में भी हैं और हालीवुड फिल्में भी। उन्होंने हिंदी और अंग्रेजी की फिल्मों में अभिनय भी किया। उनका कहना था कि उन्होंने अभिनय इसलिए किया, क्योंकि कुछ नया सीखना चाहते थे। वह अमेरिका में बस गए थे।

वह वहां युवाओं को तबला वादन सिखाते थे और भारतीय संगीत के बारे में पढ़ाते थे। वह हमेशा कहते थे कि भारत एक प्राचीन देश है और उसके पास दुनिया को देने के लिए बहुत कुछ है। वह यह मानते थे कि देवी सरस्वती की उन पर खास कृपा है। उनका यह किस्सा खूब प्रचलित है कि उनके जन्म के बाद उनके पिता ने किस तरह उनके कान में तबले की थाप सुनाई थी, जबकि रिवाज यह है कि बच्चे के जन्म के बाद उसके कान में अजान सुनाई जाती है।

उनके पिता उस्ताद अल्लारक्खा का कहना था कि हमारी इबादत तो देवी सरस्वती की आराधना है। आम लोग भले ही ज्ञान की देवी सरस्वती की आराधना खास अवसरों पर करते हों, लेकिन हम जैसे शास्त्रीय संगीत के साधक तो हर दिन उनकी आराधना करते हैं और यह मानते हैं कि उनके दिए हुए ज्ञान से ही हम कुछ हासिल कर सके। उनके पिता भी विख्यात तबला वादक थे, लेकिन मुझे यह कहने में संकोच नहीं कि तबला वादन में चार चांद लगाने का काम जाकिर हुसैन ने किया।





**देने से अधिक खुशी हमारे दिल को किसी और चीज़ से नहीं मिलती। जब हम देते हैं, तो हम कुछ खोते नहीं।**

**- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# नशे के आदी युवाओं में सुधार की गुंजाइश

एक संवेदनशील समाज अपने बीच पल रही नकारात्मक प्रवृत्तियों की पहचान करता और उसे नजरअंदाज करने के बजाय दूर करने के लिए उचित रास्ते अपनाता है। विडंबना है कि हमारे आसपास कई ऐसी स्थितियां होती हैं, जिन्हें लेकर समाज आमतौर पर उपेक्षा और कई बार उसे खारिज करने का रवैया अख्तियार कर लेता है। नतीजतन वह समस्या और जटिल होती जाती है। समूचे देश के युवाओं के बीच मादक पदार्थों की बढ़ती लत या नशे की आदत एक ऐसी समस्या है, जिससे निपटने में समाज से लेकर सरकार तक ने एक तरह की उदासीनता ही दर्शायी है।

बल्कि आमतौर पर मादक पदार्थों के लती युवाओं में सुधार या नशे से मुक्ति की गुंजाइश पैदा करने के बजाय उन्हें सबके लिए खतरनाक व्यक्ति के रूप में देखा जाता है। जबकि यह हमेशा साबित हुआ है कि इस तरह की नकारात्मक सामाजिक प्रतिक्रिया की वजह से जो युवा मादक पदार्थों के दलदल से बाहर आ सकते थे, वे भी अपनी उपेक्षा और खुद को अपमानित किए जाने की वजह से उस संजाल में और ज्यादा उलझते चले जाते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ लड़ाई से जुड़े महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर रोशनी डाली और इससे प्रभावित युवाओं का 'दानवीकरण' करने के बजाय उनके पुनर्वास पर जोर दिया। यह छिपा तथ्य नहीं है कि समाज में एक बड़ा तबका किसी न किसी तरह के मादक पदार्थ का सेवन करता है, मगर इसके समांतर ऐसे लोगों के प्रति एक नकारात्मक भाव भी होता है।

जब कोई युवा संगति या अन्य वजहों



से धूम्रपान, शराब या इससे ज्यादा घातक नशीले पदार्थों का सेवन करने लगता है, तब उसके प्रति एक आम सामाजिक प्रतिक्रिया ऐसी नहीं होती, जिसमें उसके उस जाल में फंसने के कारणों पर गौर करके उससे निकालने की इच्छाशक्ति दिखे। इसके उलट इस दुश्चक्र में फंसे युवाओं के बारे में नकारात्मक धारणा बनाई जाती है। इसका नतीजा यह होता है कि एक लत का शिकार होकर पहले ही उद्वेलन और द्वंद्व के मनोविज्ञान में फंस गया व्यक्ति अपने प्रति अपमानजनक और उपेक्षित रवैये से चोट खाकर और ज्यादा नशे में डूब जाता है।

सवाल है कि नशे के संजाल में फंसे युवा के एक बेहतर मनुष्य होने की उम्मीद पालने वाले समाज को इससे क्या हासिल होता है। व्यवहार मनोविज्ञान की कसौटी पर देखें तो मादक पदार्थों की लत या अनुचित आदत का शिकार हो गए व्यक्ति में भी अपने प्रति संवेदनशील बर्ताव और उचित तौर-तरीके के जरिए बदलाव लाया जा सकता है, उसे इस जाल से बाहर निकाला जा सकता है। इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने मादक द्रव्यों की लत के बहुआयामी कारणों की ओर इशारा किया, जिसमें शैक्षणिक दबाव, पारिवारिक अशांति और नशीली दवाओं की आसान उपलब्धता शामिल है।

ये कारक ही अक्सर किशोरों और युवाओं के बीच भावनात्मक पलायनवाद के रूप में मादक पदार्थों के सेवन को बढ़ावा देते हैं। पिछले कुछ समय से इन्हीं जटिल परिस्थितियों का फायदा उठा कर अवैध व्यापार करने वाले इसका इस्तेमाल आतंकवाद और हिंसा को बढ़ावा देने में कर रहे हैं, जिसका दीर्घकालिक सामाजिक और आर्थिक नुकसान हो रहा है। ऐसे में नशे का शिकार होने वाले युवाओं की उपेक्षा करने या उन्हें 'शैतान' समझने के बजाय उनके प्रति रचनात्मक व्यवहार और उनका पुनर्वास एक ठोस रास्ता है, जो भटके हुए युवाओं को फिर से एक सचेतन और संवेदनशील इंसान बना सकता है।

# पढ़ी-लिखी लड़की बोरा लेकर बीनती है कचरा

दसन की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के फ्लोरिडा स्टेट में रहने वाली 22 साल की लड़की पढ़ी-लिखी है

**जरा हट के**

लेकिन उसे साल के दो महीने कचरा बीनने की आदत है. वो दिसंबर और जनवरी महीने में घर से बोरा लेकर सिर्फ कूड़ा-कचरा खंगालने के लिए निकलती है. दिलचस्प बात तो ये है कि ये उसकी कोई मजबूरी नहीं है, तो आखिर क्यों वो ऐसा करती है.

### 'कचरा बीनना मेरा शौक है'

मेलानी नाम की लड़की पिछले दो साल से दिसंबर और जनवरी का महीना आते ही, शहर के कुछ खास इलाकों में जाकर कूड़ेदान खंगालने लगती है. वो बताती है कि ये उसका पसंदीदा काम है और उसे इससे काफी फायदा होता है. दरअसल लड़की कुछ खास स्टोर्स के सामने जाती है, जहां पर वे क्रिसमस और नए साल



के समय अपना पुराना स्टॉक क्लियर कर रहे होते हैं. ऐसे में उसे यहां के कूड़ेदान में कई ऐसी चीजें मिल जाती हैं, जो काफी अच्छी हालत में होती हैं. क्रिसमस के डेकोरेशन और पेड़ों तक तो मेलानी अपने घर उठा ले जाती है, ताकि अगले साल उसका इस्तेमाल कर सके. घर में सजाने वाली चीज़ें भी उसे मिल जाती हैं, जिन्हें वो बेच भी सकती है और घर में सजा भी सकती है.

### फैमिली को भी लगा लेती है काम पर

मेलानी के मुताबिक कई बार तो उसे इतनी सारी चीज़ें मिल जाती हैं कि अकेले ले जाना मुश्किल हो जाता है. ऐसे में वो अपने परिवार के लोगों को बुलाती है और कार से इन चीज़ों को भरकर ले जाती है. आपको जानकर हैरानी होगी कि इस तरह के अपने कचरा बीनने के शौक से उसने अब तक करीब 17 लाख का फायदा कमाया है. वहीं क्रिसमस और नए साल के गिफ्ट खरीदने की उसे ज़रूरत नहीं पड़ती क्योंकि वो अपनी डंपस्टर डाइव से इसे उठाकर ले आती है. है ना कमाल की बात!

# घर बैठे नाखूनों पर बनाएं ये खूबसूरत नेल आर्ट

- **मिनटों में बनकर तैयार होंगे ये ट्रेंडी डिजाइन**
- **घर पर ही बनाएं ये सुंदर डिजाइन**

लड़कियां अपने नाखूनों से ले कर शरीर के हर एक हिस्से को खूबसूरत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़तीं। अब वो जमाना गया जब सिंपल नेल पॉलिश लगाकर नाखूनों को सजा लिया जाता था। आज तो जमाना है नेल आर्ट का, जिसमें खूबसूरत पैटर्न बनाकर नेल्स को सजाया जाता है। आमतौर पर एक सिंपल सी नेल आर्ट बनवाने के लिए भी ठीक-ठाक पैसे खर्च हो जाते हैं, पार्लर जाने के लिए टाइम निकालना रहा सो अलग। ऐसे में क्यों ना घर पर ही सुंदर सी नेल आर्ट कर ली जाए। यकीन मानिए ये उतना मुश्किल नहीं है। आज जो ट्रेंडी पैटर्न हम



आपके लिए ले कर आए हैं, इन्हें तो आप बड़ी ही आसानी से मिनटों में बना लेंगी।

### मार्बल इफेक्ट नेल आर्ट

आजकल मार्बल इफेक्ट नेल आर्ट काफी ज्यादा ट्रेंडिंग है। इसे बनाना भी बेहद आसान है। बस मार्बल इफेक्ट देने के लिए आपको किसी फोम या स्पंज की जरूरत होगी। उसपर थोड़ी सी नेल पेंट अप्लाई करें और अपने नेल पर खूबसूरत सा पैटर्न बनाकर तैयार कर लें। ये देखने में वाकई बहुत खूबसूरत लगेगा।

### फूल-पत्तियों वाला खूबसूरत डिजाइन

अपने नाखूनों पर आप ये खूबसूरत सा फूल-पत्तियों वाला डिजाइन भी बनाकर तैयार कर सकती हैं। ये देखने में थोड़ा मुश्किल लग सकता है लेकिन एक बार आप इसे ट्राई करेंगी तो ये बड़ी ही आसानी से बन जाएगा। इसके लिए बस आपको अपने पतले हेयर पिन या जुड़ा पिन की जरूरत होगी। उसकी मदद से आप आसानी से ये डिजाइन अपने नेल्स पर उकेर पाएंगी।

### चेस बोर्ड पैटर्न नेल आर्ट

कोई ऐसा डिजाइन खोज रही हैं जो बनाने ने बेहद आसान हो और ट्रेंडी भी लगे, तो इस चेस बोर्ड पैटर्न से खूबसूरत भला क्या हो सकता है। आप अपनी मनपसंद नेल पॉलिश से ये सेम नेल आर्ट घर बैठे आसानी से ट्राई कर सकती हैं। जब ये बनकर तैयार होगी तो बिल्कुल किसी प्रोफेशनल नेल आर्ट सी लगेगी।

### ब्यूटीफुल नेल आर्ट

नेल्स को सिंपल, क्लीन और ब्यूटीफुल दिखाने के लिए आप इस सिंपल सी नेल आर्ट को ट्राई कर सकती हैं। इसमें व्हाइट ऑफ गोल्डन के खूबसूरत कलर कॉम्बिनेशन का



इस्तेमाल हुआ है। आपको बस किसी पिन की मदद से सिंपल से स्ट्रोक्स बनाने हैं और आपका खूबसूरत डिजाइन बनकर रेडी है।

### खास मौके के लिए ट्राई करें ये ग्लिटरी डिजाइन

वेडिंग हो या कोई भी खास मौका, अगर आपके पास नेल आर्ट बनाने का ज्यादा टाइम नहीं है तो ये ट्रिक आपकी खूब मदद कर सकती है। बस एक ग्लिटरी गोल्डन शेड की नेलपेंट हमेशा अपने पास रखें। अब जिस ब्रिंग की नेल पेंट लगा रही हैं, उसके साथ ये गोल्डन शेड भी ऑल्टरनेट नेल्स पर अप्लाई कर लें। ये बहुत ही टाइम सेविंग है और देखने में भी बहुत खूबसूरत लगता है।

### बो शेप नेल आर्ट

कोई क्यूट सी नेल आर्ट ट्राई करना चाहती हैं, तो ये बो शेप डिजाइन आपके लिए बेस्ट हो सकता है। खास तौर से वेस्टर्न ड्रेसेज के साथ तो ये डिजाइन बहुत ही प्यारा लगेगा। इसे बनाना भी बहुत ही ज्यादा सिंपल है। बस आपको छोटे-छोटे बो बनाने हैं और आपकी नेल आर्ट तैयार। घर में छोटी बच्चियां है तो उनके नेल्स पर आप ये डिजाइन बना सकती हैं, ये उन्हें काफी पसंद आएगा।

# उड़द दाल पकौड़े




**उत्तराखंड का नाम सुनते ही आंखों के आगे पहाड़, झरने और हरियाली के दृश्य तैरने लगते हैं। पहाड़ों में मिलने वाली मैगी का स्वाद तो आपने कई बार चखा होगा, लेकिन क्या आपने कभी वहां बनने वाली ट्रेडिशनल फूड रेसिपी का स्वाद लिया है? जी हां, उत्तराखंड की ऐसी ही एक ट्रेडिशनल रेसिपी का नाम उड़द दाल की पकौड़ी है। उत्तराखंड के गढ़वाल और कुमाऊं में उड़द दाल की पकौड़ी हर शुभ अवसर पर बनाई जाती है। आप इस रेसिपी को गरमा-गरम चाय के साथ स्टार्टर रेसिपी के रूप में भी सर्व कर सकते हैं।**

### सामग्री :

- 1 कप उड़द दाल (लगभग 5 घंटे पानी में भिगोई हुई)
- 1 इंच लंबा टुकड़ा अदरक
- 2-3 बारीक कटी हुई हरी मिर्च
- 1 चुटकी हींग
- 1 चम्मच जीरा
- सरसों का तेल या रिफाइंड तेल
- स्वादानुसार नमक
- बारीक कटा हुआ धनिया पत्ता

### बनाने का तरीका :

उड़द दाल की पकौड़ी बनाने के लिए सबसे पहले भीगी हुई उड़द



दाल को अदरक के टुकड़े और हरी मिर्च के साथ दरदरा पीस लें। इस बात का ध्यान रखें कि पेस्ट को ज्यादा बारीक नहीं करना है। इसके बाद दाल का पेस्ट एक बड़े बर्तन में निकालकर 10 मिनट तक अच्छी तरह फेंटें, ताकि वह हल्का और फूला हुआ हो जाए। इस टिप को फॉलो करने से पकौड़े खस्ता बनते हैं। अब दाल के पेस्ट में हींग, जीरा, नमक, और बारीक कटा हुआ धनिया पत्ती डालकर सभी चीजों को अच्छी तरह मिलाएं। अब एक कड़ाही में मीडियम आंच पर तेल गरम करें, ताकि पकौड़े अंदर से अच्छी तरह पक जाएं। आप अगर इन पकौड़ों को गढ़वाली स्टाइल में बनाना चाहते हैं, तो इस पेस्ट को हल्का गाढ़ा रखते हुए हल्के पानी की मदद लेते हुए गोलाकर आकार दें और बीच में छेद बनाकर तिल लगाकर फ्राई कर लें। ध्यान रखें कि पकौड़े कड़ाही में एक-दूसरे से चिपकें नहीं। पकौड़ों को मडियम लो आंच पर सुनहरा भूरा और कुरकुरा होने तक तलें। पकौड़े फ्राई होने पर इन्हें कड़ाही से निकालकर

# तेजी से झड़ रहे बाल तो ट्राई करें ये प्याज और लौंग वाला नुस्खा

**लंबे-घने खूबसूरत बाल भला किसे नहीं पसंद। लड़के हों या लड़कियां सभी चाहते हैं कि उनके बाल एकदम हेल्दी और घने बने रहें। हालांकि आज के समय में ऐसे बालों की चाहत रखना जरा मुश्किल होता जा रहा है। आज बालों से जुड़ी समस्याएं खासतौर से हेयरफॉल इतना कॉमन हो गया है कि लगभग हर दूसरा इंसान इससे परेशान है। हेयरफॉल कम करने के लिए बाजार में महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स मौजूद तो हैं लेकिन कुछ काम ही नहीं करते, जो करते हैं वो आम आदमी के बजट से ही बाहर हैं। ऐसे के घर के नुस्खे ही हैं, जो इफेक्टिव भी हैं और जेब पर भारी भी नहीं पड़ते। आज हम आपके साथ सोशल मीडिया पर खूब पसंद किए जा रहे एक ऐसे ही हेयर ऑयल की रेसिपी साझा करने वाले हैं, जो कुछ ही दिनों में आपका हेयर फॉल कम करने की ताकत रखता है।**

### ■ रसोई में रखी इन चीजों से बनाएं हेयरफॉल कंट्रोल ऑयल

बालों की हेल्दी ग्रोथ और हेयरफॉल कंट्रोल करने में प्याज और रोजमेरी हर्ब कितनी ज्यादा फायदेमंद हैं, ये तो साइंटिफिकली भी प्रूवन है।

इन्हीं पोटेंट इंग्रेडिएंट्स को मिलाकर ये हेयरफॉल कंट्रोल ऑयल तैयार किया गया है। इसे बनाने के लिए आपको एक से दो कप सरसों का तेल, बादाम (8 से 10), एक चम्मच मेथी दाना, थोड़ी सी ड्राई रोजमेरी हर्ब, एक प्याज और खूब सारी लौंग की जरूरत होगी। आइए अब जानते हैं इसे बनाना कैसे है।

### ■ यूं तैयार करें मैजिकल हेयर ऑयल



घर पर ही हेयरफॉल कंट्रोल ऑयल बनाने के लिए आपको सबसे पहले एक प्याज लेनी है। अब इस प्याज में खूब सारी लौंग लगा दें। आपको इसमें लौंग घुसा कर या यूं कहें खोंस कर लगानी है, जिससे अच्छी तरह लौंग और प्याज आपस में मिल जाएं। अब एक लोहे की कढ़ाई में लो फ्लेम पर सरसों का तेल गर्म होने के लिए रखें। जैसे ही तेल गर्म हो उसमें ये लौंग वाली प्याज फ्राई होने के लिए डाल दें। अब इसमें बादाम डालें और दोनों ही चीजों को लगभग पांच से सात मिनट के लिए लो फ्लेम पर पकने दें। इन्हें पकाने के बाद मेथी दाना और ड्राई रोजमेरी मिलाएं। इन्हें भी लगभग तीन से चार मिनट के लिए पकने दें। आपका ऑयल बनकर तैयार है। जब ये ठंडा हो जाए तो इसे किसी कंटेनर में स्टोर कर के रख लें। आप इसे हेयर वॉश करने से लगभग एक घंटा पहले अपने बालों में अप्लाई कर सकते हैं। कुछ हैं दिनों में आपको इसके अच्छे रिजल्ट देखने को मिलेंगे।

# तारामीरा या अरुगुला के पत्तों के फायदे

**तारामीरा को अरुगुला भी कहते हैं और अरुगुला के पत्तों को खाने के साथ ही इसके बीजों से तेल निकाला जाता है। जो सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है। सरसों की तरह ही तारामीरा के भी दाने होते हैं और ये सरसों की प्रजाति का ही होता है। तारामीरा या अरुगुला के पत्तों में ढेर सारे न्यूट्रिशन होते हैं। कैल्शियम, पोटैशियम, फोलेट, विटामिन सी, विटामिन के और विटामिन ए की मात्रा इसमे काफी ज्यादा होती है। हालांकि इंडिया में अरुगुला के पत्तों को नहीं खाया जाता है। इसके बीज से बने तेल का इस्तेमाल ज्यादा लोग करते हैं।**

### अरुगुला या तारामीरा तेल के फायदे

अरुगुला के तेल को तारामीरा तेल के नाम से भी जानते हैं। इस तेल में विटामिन ए, बी, सी जैसे विटामिन होते हैं। जो शरीर पर लगाने से कई सारी समस्याओं को खत्म करते हैं।

### स्किन के लिए फायदेमंद है तारामीरा का तेल

तारामीरा का तेल एंटीफंगल और एंटीऑक्सीडेंट गुण लिए होते है। इसलिए जिन लोगों को स्किन पर रैशेज, खुजली जैसी शिकायत रहती है। उनके लिए ये तेल फायेदमंद है। इस तेल में एंटीसेप्टिक गुण भी होते हैं जो स्किन पर मौजूद बैक्टीरिया को मारने में मदद करते हैं।

### कैंसर से बचाता है ये तेल

स्किन कैंसर से बचाने में तारामीरा का तेल मदद करता है। इसमे एंटीमेलानोमा और एंटी म्यूटाजेनिक गुण होते हैं। जो स्किन को कैंसर सेल्स से बचाते हैं।

### एंटी इंफ्लेमेटरी है तारामीरा का तेल

स्किन पर होने वाली सूजन को खत्म करने में ये तेल मदद करता है। तारामीरा के तेल में एंटीइंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज पाई जाती हैं। जिसकी वजह से एक्जिमा, सोरायसिस जैसी समस्या में ये तेल राहत देता है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष** : स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा।

**वृषभ** : पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** : दुःखद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क** : भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा।

**सिंह** : घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या** : यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

**तुला** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी।

**वृश्चिक** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**धनु** : नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर** : किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी।

**कुंभ** : स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे।

**मीन** : आज प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता बनी रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। व्यापारिक कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### शाहजहांपुर में तेज रफ्तार का कहर: टैंकर ने बाइक सवारों को कुचला, तीन की मौत

**शाहजहांपुर.** शाहजहांपुर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां हाईवे पर बाइक सवार एक युवक और दो युवतियों को तेज रफ्तार टैंकर ने मंगलवार दोपहर कुचल दिया। इससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। बरेली जिले के सैदूपुर थाना रसुइया की युवती रीना (18) और फरखपुर थाना फरीदपुर की गुलबहार (18), गांव रमपुरा थाना फतेहगंज पूर्वी के साजिद (25) के साथ बाइक पर थे। दोनों युवतियां रिश्तेदारी में फतेहगंज पूर्वी में आई हुई थीं। अनुमान है कि युवतियों के साथ साजिद बाइक पर कहीं से लौट रहा था। हाईवे पार हुलास नगरा ओवरब्रिज के आगे राजश्री कैमिकल फैक्ट्री के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक को कुचल दिया। बाइक सवार तीनों कुचल गये। जबकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### जीजा ने साली की गला रेतकर की हत्या,

**शाहजहांपुर.** शाहजहांपुर में मंगलवार दोपहर तेज बजरिया में तब हड़कंप मच गया। जब एक जीजा अपनी साली की गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी जीजा मौके से भाग निकाला। ये घटना लाला तेली बजरिया का है। मंगलवार दोपहर आईटीआई प्रवक्ता की 25 साल की बेटे निकिता घर पर अकेली थी। दामाद अंशू भी घर आया था। निकिता की मां सब्जी लेकर जब बाहर आई तो दामाद अंशू को घर से भागकर जाते हुए देखा। अंदर जाकर देखा तो निकिता जमीन पर खून से लथपथ थी। बेटी का ये हाल मां चीख पड़ी। शोर सुनकर परिजनों और आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और पड़ताल में जुट गई।

### 10वीं का छात्र और 11वीं की छात्रा कूद गए ट्रेन के सामने, एक ही स्कूल में पढ़ते थे दोनों

**प्रयागराज.** प्रयागराज के मांडा क्षेत्र में सोमवार सुबह 10वीं कक्षा के छात्र और 11वीं की छात्रा ने ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी। दोनों एक ही स्कूल में पढ़ते थे और पड़ोसी थे। मौत की खबर से दोनों परिवार में कोहराम मच गया। जांच में पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि मांडा के उमापुर कला ग्राम पंचायत के जलैया गांव निवासी तस्लीम (16) पुत्र मुस्तफा 10वीं का छात्र था। पड़ोस में रहने वाली आंचल (17) 11वीं की छात्रा थी। दोनों एक ही विद्यालय में पढ़ते थे। सोमवार सुबह छात्रा घर से निकली थी। इस बीच सूचना मिली कि दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर डेंगुरपुर गांव के सामने तस्लीम और आंचल ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली।

# 'एक देश-एक चुनाव' लेकर लोकसभा में वोटिंग

- पक्ष में 269, विरोध में 198 वोट पड़े
- कोविंद बोले- 2034 तक एकसाथ चुनाव संभव

**नई दिल्ली.** लोकसभा में मंगलवार को एक देश, एक चुनाव बिल के लिए 129वां संविधान बिल पेश किया। बिल के लिए पहले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग कराई गई। कुछ सांसदों की आपत्ति के बाद वोट संशोधित करने के लिए फिर पर्ची से मतदान हुआ। पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 मत पड़े। इसके बाद केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इसे सदन में रखा। अमित शाह ने सदन में कहा कि बिल जब कैबिनेट में आया था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि इसे संयुक्त संसदीय समिति (JPC) को भेजना चाहिए। कानून मंत्री ऐसा प्रस्ताव कर सकते हैं। सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन बिल,



बीजेपी की देश में तानाशाही लाने की कोशिश है।

### पर्ची से मतदान होने के बाद पक्ष में वोट बढ़े

12:10 बजे केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में वन नेशन, वन इलेक्शन बिल पेश किया। विपक्षी सांसदों ने बिल का विरोध किया, जिसके बाद स्पीकर ओम बिड़ला ने बिल पेश करने को लेकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग कराई। इसमें 369 सदस्यों ने वोट डाला। पक्ष में 220, विपक्ष में 149 वोट पड़े। इसके बाद विपक्ष के सदस्यों ने आपत्ति जताई।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर उनको ऑब्जेक्शन है तो पर्ची दे दीजिए। इस पर स्पीकर ने कहा कि हमने पहले ही कहा था कि अगर किसी सदस्य को लगे तो वह पर्ची के जरिए भी अपना वोट संशोधित कर सकता है। इसके बाद ज्यादा सांसदों ने वोट डाला। पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 मत पड़े। इसके बाद 1:15 बजे कानून मंत्री ने दोबारा बिल पेश किया।

मेघवाल ने केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़े 3 कानूनों में संशोधन का बिल भी पेश किया। इसमें द गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज एक्ट- 1963, द गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली- 1991 और द जम्मू एंड कश्मीर रीऑर्गनाइजेशन एक्ट- 2019 शामिल हैं। इसके जरिए जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए भी संशोधन किया जा सकता है।

# संभल में एक और बंद मंदिर मिला

- मस्जिद के पास नए कुएं की खुदाई
- कार्तिकेय मंदिर के बगल मकान का छज्जा तुड़वाया

**संभल.** संभल में 46 साल बाद खुले कार्तिकेश्वर महादेव मंदिर के बाद मंगलवार को एक और बंद मंदिर मिला है। यह मंदिर मुस्लिम इलाके हयात नगर के सरायतरीन में हैं।

बंद मंदिर की सूचना मिलते ही पुलिस और राजस्व की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों से बातचीत की। उन्होंने बताया- मंदिर काफी समय से बंद था। 30-40 हिंदू परिवार पहले रहते थे, जो दंगे



के बाद पलायन कर गए।

जामा मस्जिद जहां हिंसा में 4 लोग मारे गए थे, वहां से यह मंदिर डेढ़ किमी दूर है। मंदिर के गेट पर ताला बंद है। बताया जा रहा है कि किसी व्यक्ति ने प्रशासन को मंदिर होने की सूचना दी थी।

इधर, कार्तिकेश्वर मंदिर से चंद कदम दूरी पर मस्जिद के पास एक बंद कुआं मिला। स्थानीय निवासियों ने बताया कि नगर पालिका ने यह कुएं को बंद करा दिया था। मंगलवार को प्रशासन की टीम ने बंद कुएं को खुदवाना शुरू किया।

इससे पहले, सुबह कार्तिकेश्वर महादेव मंदिर के बगल में मकान का छज्जा तोड़ा गया। मुस्लिम मकान मालिक इसे खुद तुड़वा रहे हैं। उनका कहना है कि मंदिर ढक रहा था। यह देखकर बुरा लग रहा था, इसलिए खुद तुड़वा रहा हूं।

### कार्तिकेश्वर मंदिर से कुछ दूर मिला एक और कुआं

कार्तिकेश्वर मंदिर से चंद कदम की दूरी पर मस्जिद के पास एक बंद कुआं मिला। स्थानीय निवासियों ने बताया कि नगर पालिका ने यह कुआं बंद कराया था। इस कुएं को पाट कर मार्बल का पत्थर लगा दिया गया था। मंगलवार को प्रशासन की टीम ने बंद कुएं को खुदवाना शुरू किया। यह कुआं मस्जिद के बिल्कुल दरवाजे के किनारे है। मौके पर पुलिस फोर्स तैनात है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले-

# राजस्थान के 100% घरों तक नल से पानी-पहुंचेगा

- नदी जोड़ने की योजना में देरी की जिम्मेदार कांग्रेस
- मोहन यादव-भजनलाल की फोटो याद रखी जाएगी

**जयपुर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार(17 दिसंबर) को जयपुर में पार्वती-कालसिंध-चंबल-ईआरसीपी परियोजना का शिलान्यास किया। भजनलाल सरकार के एक वर्ष पूरा होने के कार्यक्रम में पहली बार राजस्थान-मध्य प्रदेश की परियोजना के समझौते को भी सार्वजनिक किया गया। पीएम ने इस परियोजना में देरी के लिए पूर्व की कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समाधान की बजाय राज्यों के बीच जल विवाद को ही बढ़ावा देती रही।

मोदी ने कहा कि इस परियोजना के समझौते पर हस्ताक्षर वाली मप्र और राजस्थान के सीएम की फोटो कोई सामान्य नहीं है। आने वाले



सालों में देशभर के लोग ये फोटो दिखाकर उनके राजनेताओं से पूछेंगे कि आप पानी पर राजनीति ही करते रहे। पानी समुद्र में बह गया, लेकिन एक कागज पर दस्तखत क्यों नहीं कर पाए।

इस मौके पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि ये 20 साल पुराना झगड़ा था। दोनों प्रदेश में ये जल की सौगात पीएम मोदी की वजह से ही पूरी हो पाई है। वहीं, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इस परियोजना से राजस्थान के 21 जिलों का फायदा होगा। यहां की 2.5 लाख हेक्टेयर भूमि पर भी सिंचाई हो सकेगी। इस दौरान पीएम ने केंद्र और राज्य की 46 हजार करोड़ से ज्यादा योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास भी किया।

# रेप के दोषियों को नपुंसक बनाने की मांग वाली याचिका

- सुप्रीम कोर्ट बोला- ये बेहद क्रूर
- निर्भया केस की 12वीं बरसी पर अर्जी लगाई गई

**नई दिल्ली.** सोमवार को निर्भया गैंगरेप-मर्डर की 12वीं बरसी पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई। इसमें रेप के दोषियों को नपुंसक बनाने की मांग की गई। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा पर गाइडलाइंस बनाने और कानूनों में सुधार सहित 20 मांगें की हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जवल भुयान की



बेंच ने याचिका स्वीकार करते हुए कहा- ये मांग बेहद क्रूर है। कोर्ट ने केंद्र सरकार के अलग-अलग मंत्रालयों और विभागों को याचिका पर नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। महिला वकीलों के संगठन सुप्रीम कोर्ट वुमन लॉयर्स एसोसिएशन (SCWLA) ने याचिका में सार्वजनिक इमारतों और जगहों पर CCTV कैमरा लगाने, ऑनलाइन पोर्नोग्राफिक और OTT के अश्लील कंटेट पर रोक लगाने की मांग की है।

SCWLA की अध्यक्ष और वरिष्ठ वकील महालक्ष्मी पवनी ने कहा निर्भया से लेकर अभया (कोलकाता के आरजी कर रेप-मर्डर की पीड़िता) तक कुछ नहीं बदला है। सड़क से घर तक महिलाओं से रेप हो रहा है। निर्भया केस के बाद कानून सख्त किए गए, लेकिन उन्हें लागू नहीं किया गया। रेप केस में जब तक मीडिया ट्रायल नहीं होता, तब तक देश जागता नहीं है।

# प्रियंका के बैग पर फिलिस्तीन के बाद आज बांग्लादेश मुद्दा

- लिखा- हिंदुओं-ईसाइयों साथ खड़े हो
- पाकिस्तानी नेता बोले- हमारे सांसदों में इतनी हिम्मत नहीं

**नई दिल्ली.** वायनाड से लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी मंगलवार को संसद में एक बैग लेकर पहुंचीं, जिस पर बांग्लादेशी हिंदुओं और ईसाइयों साथ खड़े हो लिखा था।

एक दिन पहले ही वे फिलिस्तीन को समर्थन करने वाला बैग लेकर पहुंची थीं। जिस पर फिलिस्तीन आजाद होगा लिखा




था। इस पर विवाद भी हुआ।

प्रियंका ने सवाल उठाने वालों से कहा था- मैं कैसे कपड़े पहनूंगी, इसे कोई और तय नहीं करेगा, बरसों से चल रही रूढ़वादी पितृसत्ता को मैं नहीं मानती, मैं जो चाहूंगी, वही पहनूंगी।

फिलिस्तीन का सपोर्ट करने पर पाकिस्तान सरकार में पूर्व मंत्री फवाद हसन चौधरी ने भी उनकी तारीफ में कहा कि हमारे सांसदों में इतनी हिम्मत नहीं।

पाकिस्तान की इमरान सरकार में मंत्री रहे फवाद हसन चौधरी ने फिलिस्तीन का सपोर्ट करने पर प्रियंका की तारीफ की है।

उन्होंने X पर लिखा- जवाहरलाल नेहरू जैसे महान स्वतंत्रता सेनानी की पोती से हम और क्या उम्मीद कर सकते हैं? प्रियंका ने अपना कद और ऊंचा कर लिया है, यह शर्मनाक है कि आज तक किसी पाकिस्तानी सांसद ने ऐसी हिम्मत नहीं दिखाई।

### भागवत बोले- अहंकार दूर रखें, नहीं तो गड्ढे में गिरेंगे

**पुणे.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने सोमवार को कहा कि व्यक्ति को अहंकार से दूर रहना चाहिए नहीं तो वह गड्ढे में गिर सकता है। पुणे में हुए कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए समाज के सभी वर्गों को मजबूत बनाना जरूरी है।

संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि हर व्यक्ति में एक सर्वशक्तिमान ईश्वर होता है, जो समाज की सेवा करने की प्रेरणा देता है, लेकिन अहंकार भी होता है। राष्ट्र की प्रगति केवल सेवा तक सीमित नहीं है। सेवा का उद्देश्य नागरिकों को विकास में योगदान देने में सक्षम बनाना होना चाहिए।


## उल्हासनगर महानगरपालिका

### वैद्यकीय आरोग्य विभाग

### उप राष्ट्रीय पल्स पोलिओ लसीकरण मोहिम

NATIONAL HEALTH MISSION, MAHARASHTRA
NHM
राष्ट्रीय आरोग्य अभियान महाराष्ट्र

उल्हासनगर महानगरपालिका कार्यक्षेत्रात राष्ट्रीय शहरी आरोग्य अभियानांतर्गत राबविण्यात येणा-या कार्यक्रमासाठी राष्ट्रीय शहरी आरोग्य अभियान व पॉलिक्लिनीक अंतर्गत खालील तक्त्यांत दर्शविल्याप्रमाणे कंत्राटी पद्धतीने करार तत्वावर खालील पदांसाठी अर्ज दिनांक १८/१२/२०२४ ते दिनांक ३०/१२/२०२४ रोजीपर्यंत मागविण्यात येत आहेत.

**तक्ता क्र. ०१**

**राष्ट्रीय शहरी आरोग्य अभियाना अंतर्गत रिक्त पदे (NUHM)**

| अ.क्र. | पदाचे नाव | रिक्त पदांची संख्या | आवश्यक शैक्षणिक अर्हता | एकत्रित मानधन | नियुक्ती | जातीचा प्रवर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मायक्रोबायलोजिस्ट | 1 | MD Microbiology MCI / MMC कौन्सिल कडील नोंदणी अनिवार्य | ७५०००/- | आरोग्य विभाग मुख्यालय | खुला - 1 |
| 2. | वैद्यकिय अधिकारी (पूर्ण वेळ) | 3 | MBBS MCI/MMC कौन्सिल कडील नोंदणी अनिवार्य | ६००००/- | ना.प्रा. आ. केंद्र | अजा-१ विजाअ - १ इ.मा.व. १ |
| 3. | वैद्यकिय अधिकारी (अर्ध वेळ) (Part Time) | 5 | MBBS MCI/MMC कौन्सिल कडील नोंदणी अनिवार्य | ३००००/- | ना.प्रा. आ. केंद्र | बिंदु नामावली लागू नाही. |
| 4. | एपिडेमॉलॉजिस्ट | 1 | Any Medical Graduate with MPH/MHA / MBA in Health MCI/ MMC कौन्सिल कडील नोंदणी अनिवार्य | 35000/- | आरोग्य विभाग मुख्यालय | खुला - 1 |
| 5. | पब्लीक हेल्थ मॅनेजर | 2 | Any Medical Graduate, MBBS/B.D.S./BAMS / BHMS/BUMS/ with MPH/MHA/MBA In Health Care Admistrator Preference will be given to experienced person<br>MBBS OR Graduate in Health (B.D.S./BAMS/BHMS/BUMS/BPTH + MPH/MHA / MBA In Health Care Admistration | 32000/- | आरोग्य विभाग मुख्यालय | अज-1 खुला-1 |
| 6. | स्टाफ नर्स | 1 | 12 th With GNM / B.sc तसेच MNC कडील नोंदणी अनिवार्य | 20000/- | ना.प्रा. आ. केंद्र | विजाअ - १ |
| 7. | आरोग्य सेविका | 5 | 12 th+ANM | 18000/- | ना.प्रा. आ. केंद्र | भजब - १ विमाप्र-1 खुला-3 |

**तक्ता क्र. ०२**

**१५ वा वित्त आयोग अंतर्गत रिक्त पदांचा तपशील (POLYCLINIC)**

| अ.क्र. | पदाचे नाव | रिक्त पदांची संख्या | आवश्यक शैक्षणिक अर्हता | एकत्रित मानधन | नियुक्ती | जातीचा प्रवर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Physician (Medicine) | 2 | MD (Medicine), DNB | Incentive To visit once in every week. Rs. 2000 to be paid as fixed amount per visit+ Rs.100 per patient checked of his/her speciality to maximum Rs. 5000-visit | POLYCLINIC /ना.प्रा.आ.केंद्र | मानसेवी पदे असल्यामुळे बिंदुनामावली लागु नाही. |
| 2. | Obstetrics & Gynaecologist | 3 | MD/MS Gyn/DGO/DNB | | | |
| 3. | Paediatrician | 2 | MD Paed/DCH/DNB | | | |
| 4. | Ophthalmologist | 4 | MS Opthalmologist/DOMS | To visit once in every fortnight. Rs.2000 to be paid as fixed amount per visit+ Rs. 100 per patient checked of his/her speciality to maximum Rs.5000/- visit. | | |
| 5. | Dermatologist | 4 | MD (Skin/VD), DVD,DNB | | | |
| 6. | Psychiatrist | 4 | Pyschiatrist/DPM/ DNB | | | |
| 7. | ENT Specialist | 4 | MS ENT/DORL/DNB | | | |

अधिक माहितीसाठी उल्हासनगर महानगरपालिकाचे संकेतस्थळास www.umc.gov.in. भेट द्यावी.

जा. क्र. उमपा / पीआरओ / ४६५/२०२४
दिनांक :- १७/92/2028


# छत्तीसगढ़ में अमित शाह के 48 घंटे

### हिड़मा के गांव से नक्सलियों को ललकारा, कहा- 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद का होगा सफाया

**नक्सलगढ़.** अमित शाह देश के पहले केंद्रीय गृहमंत्री हैं जो खूंखार नक्सली कमांडर हिड़मा के गढ़ पहुंचे। दो दिन छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान उन्होंने नक्सलगढ़ में 24 घंटे बिताए। हिड़मा के गांव से नक्सलियों को ललकारा। शाह ने कहा कि 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ सहित देशभर से नक्सलवाद का सफाया कर देंगे।

शाह ने गुंडम में महुआ पेड़ के नीचे चौपाल लगाई और यहां के ग्रामीणों से सीधे रूबरू हुए। गांव वालों ने उन्हें कोचई कांदा, तीखुर, बास्ता समेत अन्य देसी सब्जियां



गिफ्ट की, जिसे वे अपने साथ दिल्ली लेकर गए। अमित शाह दो दिनी छत्तीसगढ़ दौरे पर थे। वे ज्यादा समय बस्तर में रहे। 14 दिसंबर की रात वे रायपुर पहुंचे। यहां रात रुकने के बाद अगले दिन 15 दिसंबर की सुबह राष्ट्रपति पुलिस कलर अवॉर्ड कार्यक्रम में शामिल हुए। जिसके बाद वे उसी दिन दोपहर 3 बजे जगदलपुर पहुंचकर बस्तर ओलिंपिक कार्यक्रम में शिरकत किए।

- नक्सलियों को दी सीधी चेतावनी

मंच से उन्होंने नक्सलियों को चेताया और कहा कि हथियार डाल दो, अगर हिंसा की तो हमारे जवान निपटेंगे। अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक बस्तर को नक्सलियों से मुक्त करने की डेड लाइन जारी कर दी है। सरेंडर्ड नक्सली, नक्सल हिंसा पीड़ित और शहीद हुए जवानों से मुलाकात की। अमित शाह जगदलपुर के अमर वाटिका भी पहुंचे और शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी।

# इजरायल की तरह चुन-चुनकर बदले ले रहा यूक्रेन

- 10 दिन में मारे व्लादिमीर पुतिन के 2 टॉप करीबी

**मॉस्को.** बीते करीब तीन सालों से रूस के हमले झेल रहे यूक्रेन ने मॉस्को के भीतर घुसकर व्लादिमीर पुतिन के करीबी अफसर लेफ्टिनेंट जनरल इगोर किरिलोव को मार गिराया है। वह रूसी सेना के परमाणु, जैविक और केमिकल हथियारों के बेड़े की कमान संभाल रहे थे। उन्हें व्लादिमीर पुतिन का भरोसेमंद माना जाता रहा है। वह उस वक्त मारे गए, जब अपने अपार्टमेंट से निकलकर स्कूटर से ऑफिस जा रहे थे। इसी दौरान उनके स्कूटर में रखे बम में धमाका हुआ और वह मौके पर ही मारे गए। किरिलोव के एक सहायक की भी



मौत हो गई है। रूसी न्यूज रिपोर्ट्स के अनुसार यह बम धमाका रिमोट के जरिए किया गया था। यूक्रेन ने इस हमले की खुलकर जिम्मेदारी ली है।

इससे पहले 9 दिसंबर को रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी शहर डोनेत्स्क में एक कार बम धमाके में सेरगेई येवसुकोव की मौत हो गई थी। वह उस कुख्यात जेल ओलेनिवका के हेड रहे थे, जहां बड़ी संख्या में यूक्रेन के युद्ध बंदियों को रखा गया है। इस जेल में मिसाइल अटैक करके बड़ी संख्या में लोगों को मार दिया गया था। रूसी अथॉरिटीज का कहना था कि इस कार ब्लास्ट में एक संदिग्ध को अरेस्ट किया गया है, लेकिन अब तक कुछ ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। इस बीच यूक्रेन की ओर से रूस के एक अन्य टॉप सैन्य अधिकारी को मार गिराने से हलचल मच गई है। सवाल उठ रहा है कि क्या यूक्रेन की एजेंसियां भी इजरायल की तरह पावरफुल हो गई हैं और वे चुन-चुनकर बदला ले रही हैं।

अब उसने किरिलोव को मारा है। किरिलोव पर ब्रिटेन, कनाडा समेत कई देशों ने प्रतिबंध लगा रखे थे। उन्हें यूक्रेन पर हमले के लिए जिम्मेदार प्रमुख अफसरों में से एक माना जाता था। यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस एसबीयू ने उनके खिलाफ आरोप लगाया था कि वह ही केमिकल हथियारों से अटैक की योजना बना रहे हैं। अब यूक्रेनी एजेंसी का कहना है कि हमने रूसी अधिकारी का कत्ल किया है। यूक्रेन का कहना है कि किरिलोव एक युद्ध अपराधी थे और उन्हें मारा जाना पूरी तरह से वाजिब कदम है। यही नहीं यूक्रेन की एजेंसी ने कहा कि कुल 4800 बार केमिकल हथियारों का इस्तेमाल जंग में रूस की ओर से बीते ढाई सालों में किया जा चुका है।

**संक्षेप...**

## बोगस बिल द्वारा 24 करोड़ रुपए जीएसटी की ठगी

### ठग गिरफ्तार

**भिवंडी.** बोगस बैंक ट्रांजेक्शन दिखकर 24 करोड़ रुपए जीएसटी रिटर्न लेने वाले शंकर टी चौधरी नामक ठग को भिवंडी जीएसटी आयुक्तालय के मार्फत अपराध दाखिल कर गिरफ्तार किया गया है.

भिवंडी केंद्रीय जी एस टी आयुक्तालय कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, शंकर टी.चौधरी ने आपूर्ति कर्ता से प्राप्त बिल के आधार पर 12 करोड़ 23 लाख रुपए का अवैध रिटर्न प्राप्त किया जिसमें शंकर चौधरी ने कोई भी वस्तु की खरीदी नहीं की थी.

चौधरी ने 11 करोड़ 90 लाख रुपए अवैध जी एस टी रिटर्न दूसरी फर्म को फंसाकर बिल भुगतान के बाद रिटर्न का पैसा प्राप्त किया. भिवंडी कार्यालय आयुक्त के मार्गदर्शन में अधिकारी की जांच में खुलासा होने पर शंकर को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने महानगर दंडाधिकारी न्यायालय में पेश किया जहां से 27 दिसंबर तक जेल भेजा गया है.

# कल्याण नाका से साईं बाबा मंदिर तक अंडरग्राउंड मेट्रो निर्माण का मुहूर्त कब?

### ■ अंडरग्राउंड मेट्रो निर्माण शुरू नहीं होने से परियोजना पर संशय

▸▸ बीएस

**भिवंडी.** ठाणे बालकुम नाका से भिवंडी व कल्याण तक प्रस्तावित मेट्रो 5 परियोजना को कल्याण नाका से साईं बाबा मंदिर टेमघर तक भूमिगत मार्ग निर्माण की मंजूरी नगर विकास मंत्रालय से करीब 1वर्ष

पूर्व मिलने के बावजूद भूमिगत निर्माण शुरू नहीं हुआ है. मेट्रो उपक्रम का भूमिगत निर्माण शुरू नहीं होने से परियोजना को लेकर भिवंडीकरों में भारी संशय फैला है.कल्याण नाका से टेमघर तक मेट्रो परियोजना का करीब 3 किलोमीटर मार्ग भूमिगत निर्मित होने से करीब 800 लोगों की दुकान, मकान टूटने से राहत मिलने के आसार हो गए हैं.शहर की यातायात सुविधा की खातिर भिवंडीकरों ने नवनियुक्त मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मेट्रो रेल निर्माण का भूमिगत निर्माण अविलंब शुरू कराए जाने की अपील की है.

गौरतलब हो कि 2017 में भाजपा की देवेंद्र फडणवीस सरकार द्वारा ठाणे से भिवंडी, कल्याण तक 8,417 करोड़ रुपए की लागत से मेट्रो 5 परियोजना की मंजूरी दी थी. मेट्रो 5 परियोजना का प्रथम चरण निर्माण कार्य ठाणे कपूरबावड़ी, कशेली से होकर धामनकरनाका फ्लाईओवर स्कॉलर स्कूल तक करीब 80% पूर्ण हो चुका है.मेट्रो मार्ग स्थित सभी स्टेशन निर्मित होने की कगार पर है. धामणकर नाका फ्लाईओवर से आगे तिरुपति अस्पताल तक मेट्रो पिलर निर्माण 1 वर्ष पूर्व होने के बाद आगे का निर्माण कार्य पूर्णतया ठप्प है.धामणकर नाका फ्लाईओवर तोड़ा जाना शेष है. मेट्रो पिलर निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ने से लोगों में परियोजना पूर्ण होने की चिंता व्याप्त है.बेहद धीमी गति से शुरू मेट्रो परियोजना के 2027-28 तक भी पूर्ण होने में संशय है.




### ■ भूमिगत निर्माण से करीब 800 दुकान, मकान ध्वस्त होने से बचेंगे

कल्याण नाका से साईं बाबा मंदिर टेमघर तक मेट्रो परियोजना मार्ग के विस्तारीकरण की हद में करीब 800 दुकान मकान आ रहे थे. मेट्रो मार्ग विस्तारीकरण से रोजगार एवं आशियाना खत्म होते देखकर स्थानीय लोगों ने संघर्ष समिति बनाकर विरोध करना शुरू किया था. स्थानीय लोगों ने भाजपा विधायक महेश चौगुले एवम तत्कालीन महापौर जावेद दलवी एवं सपा विधायक रईस शेख के साथ मिलकर तत्कालीन नगर विकास एवम उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सच्चाई से अवगत कराते हुए प्रस्तावित मेट्रो को भूमिगत किए जाने की मांग की थी.

भिवंडी लोकसभा पूर्व सांसद कपिल पाटिल ने भी तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से कल्याण नाका से साईं बाबा मंदिर तक लोगों के नुकसान के मद्देनजर उचित निर्णय लेने की मांग की थी.

### करोड़ों की सेस वसूली लेकिन कार्य नहीं हुआ शुरू

आश्चर्यजनक है कि,मेट्रो 5 रेल सेवा शुरू करने की खातिर सरकार ने मेट्रो निर्माण के नाम पर भिवंडी, कल्याण में प्रापर्टी धारकों से रजिस्ट्री के माध्यम से सेस चार्ज की वसूली विगत 7 वर्षों से कर करोड़ों रुपए बटोर चुकी है.राज्य सरकार करोड़ों रुपए मेट्रो 5 रेल सेवा चालू करने के नाम पर वसूल चुकी लेकिन कोई सार्थक परिणाम नहीं आने से भिवंडीकर 100% ठगा महसूस कर रहे हैं.मेट्रो सेवा निर्माण कार्य भिवंडी से कल्याण तक नहीं बढ़ने से भिवंडी का विकास थम गया है.शहर के विकास में जुटे नामचीन बिल्डरों के सपनों पर पानी फिर रहा है. शहरवासियों ने शहर की ट्रैफिक जाम की बेहतरी एवं शहर के सर्वांगीण विकास की खातिर ठप्प पड़ी हुई मेट्रो 5 रेल सेवा निर्माण को तेज गति से शुरू करने की अपील मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से की है.

## बांगलादेश अत्याचार व ईवीएम विरोध में आंदोलन




**भिवंडी.** बांगलादेश में हिंदू समाज पर हो रहे भारी अत्याचार एवं भाजपा द्वारा विधानसभा चुनाव में ईवीएम के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए भिवंडी शिवसेना उबाठा पक्ष भिवंडी लोकसभा संपर्क प्रमुख साईनाथ तारे के नेतृत्व में शिवसेना मध्यवर्ती कार्यालय से छत्रपती शिवाजी महाराज चौक तक रविवार रात्रि को मशाल हाथ में लेकर विरोध मोर्चा निकाला गया. आंदोलन में उपनेत्या ज्योती ताई ठाकरे,उपनेता तथा ग्रामीण जिला प्रमुख विश्वास थले,भिवंडी शहर जिला प्रमुख मनोज गगे,शहर प्रमुख प्रसाद पाटील,तालुका प्रमुख कुंदन पाटील,

महिला जिला उपसंघटिका कविता भगत, महिला शहर संघटिका वैशाली मेस्त्री,तालुका महिला संघटिका फशीताई पाटील,उपजिला प्रमुख तुलसीराम पाटील,जिला सचिव जय भगत,महेंद्र कुंभारे, विधानसभा संपर्क संघटक हनुमान पाटील,युवासेना जिला उप संघटक राजू भाऊ चौधरी,मदन बल्लाल ,भिवंडी जिला सचिव राजा पुण्यार्थी सहित भारी संख्या में शिवसैनिक शामिल होकर मशाल लेकर विरोध दर्शाया. आंदोलन में शामिल कार्यकर्ताओं ने केंद्र,प्रदेश की सत्तासीन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और ईवीएम मशीन की प्रतिकृति जलाकर विरोध दर्शाया.

**बदलापुर के स्व. निर्मलादेवी चिंतामण दिघे आश्रम स्कूल के**

# 105 विद्यार्थियों के दाँत की हुई जांच

**ठाणे.** सिविल अस्पताल में जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार के मार्गदर्शन में स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य व दाँत का सफाई किया गया ।चॉकलेट,बिस्कीट,चटपटा पदार्थ छोटे बच्चों को अच्छा लगता है ।लेकिन बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है ।बचपन में बच्चों के लापरवाही के कारण दाँत खराब अधिक हो रहा है ।ठाणे सिविल अस्पताल में बदलापुर के 'स्व.निर्मलादेवी चिंतामण दिघे' आश्रम स्कूली बच्चों के दाँत व स्वास्थ्य के जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया ।इस शिविर में 105 बच्चों के दाँत को साफ कर पिट अँड फिशर सिलंट किया गया ।इस अवसर पर डॉ. अंजुम देशमुख, डॉ. प्रणिता बलकुंडे, डॉ. भाग्यश्री पवार, डॉ. स्नेहल गुल्हाणे आदि के अथक परिश्रम से किया गया।




> बच्चों को रात में सोने से पहले दाँत को ब्रश से साफ करवाना चाहिए। दो महीने में ब्रश को बदलें, 6 महीने या 1 साल में डेंटिस्ट से नियमित जांच करवाना चाहिए।
>
> **-डॉ. कैलास पवार**
> जिला शल्यचिकित्सक

> मुख की स्वच्छता ठीक से नहीं रखी जाती है, तो इससे सांसों में दुर्गंध, दांत ढीले होना, दांतों में सड़न, मसूड़ों से खून आना जैसी समस्याएं हो सकती हैं ।इससे मुंह का कैंसर होने की भी संभावना रहती है ।पूरी दुनिया में मुंह के कैंसर के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है ।हमारे देश में हर साल करीब एक लाख मुंह के कैंसर के मरीज मिल रहे हैं ।इसलिए मुख की स्वच्छता बनाए रखना हर किसी का कर्तव्य है ।इसके अलावा मुंह में सफेद या लाल धब्बे दिखाई दें तो चिकित्सक का परामर्श तत्काल लेना चाहिए।
>
> **-डॉ. अर्चना पवार,**
> डेंटिस्ट

## घाटकोपर में स्काईवॉक से युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मुंबई.** घाटकोपर में मनपा के एन-डिवीजन कार्यालय के सामने स्थित स्काईवॉक से एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाए जाने की दुखद घटना सामने आई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही पंत नगर पुलिस, फायर ब्रिगेड और एम्बु लेंस सेवाएँ तुरंत मौके पर पहुंच गईं। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना सोमवार दोपहर की है, जब स्काईवॉक पर लोगों ने एक व्यक्ति को फांसी पर लटका हुआ देखा।

स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पंत नगर पुलिस स्टेशन से पुलिसकर्मी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे, उनके साथ फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की टीमें भी वहां पहुंचीं। शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया. अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है.

# कल्याण-डोंबिवली में 18,705 लोग बने कुत्ते का शिकार

### ■ जनवरी से अक्टूबर तक के आंकड़े

**मुंबई.** कल्याण-डोंबिवली मनपा क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग्स के हमलों की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। मनपा के अनुसार, जनवरी से अक्टूबर तक 18,705 लोग स्ट्रीट डॉग्स के हमलों के शिकार हुए हैं। पिछले हफ्ते कल्याण में एक युवक की स्ट्रीट डॉग के काटने से मौत हो गई थी। इससे मनपा क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग्स के बढ़ते खौफ पर लोगों ने चिंता जाहिर की है। लोगों का कहना है कि कई इलाके ऐसे हैं, जहां रात के वक्त पैदल या फिर दोपहिया वाहन से चलना मुश्किल हो गया है। लोग स्ट्रीट डॉग्स के कारण डरते हुए सड़कों से गुजरते हैं। कुछ दिन पहले केडीएमसी क्षेत्र में आने वाले टिटवाला में एक महिला पर आवारा स्ट्रीट डॉग्स ने जानलेवा हमला कर दिया था। स्ट्रीट डॉग्स उसे करीब 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गए। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। बुजुर्ग महिला को मुंबई के सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उसका अब भी इलाज जारी है। इसके बाद कल्याण के बेतुरकर पाडा इलाके में 8 साल के बच्चे को स्ट्रीट डॉग ने काट लिया। पिछले हफ्ते 28 वर्षीय युवक जिस युवक को स्ट्रीट डॉग ने काटा था, उसके बाद उसे बिल्ली ने भी काट लिया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। इन घटनाओं के कारण कल्याण-डोंबिवली में स्ट्रीट डॉग्स के मुद्दे पर स्थानीय लोग मनपा प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं।

**ऐंटि रेबीज वैक्सीन लेना जरूरी**

केडीएमसी के आरोग्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इस साल जनवरी से अक्टूबर महीने तक 18,705 लोगों पर स्ट्रीट डॉग्स ने हमला किया है। 8 महीने में उनके विभाग ने 12,406 आवारा स्ट्रीट डॉग्स की नसबंदी और टीकाकरण किए हैं। आंकड़ों से पता चला है कि शहर में हर महीने लगभग दो हजार लोग स्ट्रीट डॉग्स के हमलों के शिकार हो रहे हैं। केडीएमसी के आरोग्य विभाग की मुख्य हेल्थ ऑफिसर रश्मि शुक्ल ने कहा कि पिछले हफ्ते जिस युवक को स्ट्रीट डॉग ने काटा था, उसके बाद युवक ने वैक्सीन नहीं ली, जिससे उसकी मौत हो गई।

## आम सूचना

मैं श्रीमती नंदीनी गजानन बामणकर सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, महात्मा गांधी नगर, बालकनजी बारी के पास, खेमानी रोड, बैरक नं. 681 के सामने, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 25बीओ017215800(पार्ट). श्रीमती हौसाबाई आर. बामणकर का निधन 12.7.2016 को हुआ और श्री रघुनाथ दत्तात्रय बामणकर का निधन 2.2.1988 को हुआ। उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सुजाता सोपान घोरपडे, श्री गजानन रघुनाथ बामणकर, श्रीमती उषा जगदीश जाधव व श्री अशोक रघुनाथ बामणकर के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 7.12.2024 सी.नं. 5459/2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती नंदीनी गजानन बामणकर**

## भावभीनी श्रद्धांजलि

### तीसरी पुण्यतिथी



## स्व. श्री किशन शिवनदास जेठानी

आज ही के दिन 18 दिसंबर 2021 को स्वर्गीय श्री किशन शिवनदास जेठानी परलोक सिधार गए थे। उनकी याद में हम आज उनकी तीसरी पुण्यतिथी पर हमारा परिवार उनको भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

**सेवा में :**

**बोधा व जेठानी परिवार**

# 300 मरीजों ने उठाया अस्थमा शिविर का लाभ



▸▸ उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** रोटरी क्लब आफ भिवंडी के नेतृत्व में निरंतर 27 वें वर्ष अस्थमा के उपचार के लिए 1दिवसीय अस्थमा कैंप का आयोजन छत्रपति शिवाजी महाराज चौक चाचानेहरू हिंदी हाईस्कूल प्रांगण में किया गया.अस्थमा उपचार शिविर में भिवंडी शहर एवं दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों से करीब 300 मरीजों ने कुशल चिकित्सक से औषधि प्राप्त किया. अस्थमा कैंप का आयोजन कपड़ा बाजार सदावर्त संस्था एवं सहयोगी शिक्षण संघ के सहयोग से किया गया.

अस्थमा कैंप प्रोजेक्ट चेयरमैन वरिष्ठ रोटेरियन पुरुषोत्तम दास भाई पटेल ने बताया कि, अस्थमा पीड़ितों को खीर में दवा डालकर कांच की कटोरी में दी जाती है.पूर्णिमा की रात्रि चंद्रमा की रोशनी में दवा लेने का भारी फायदा अस्थमा पीड़ितों को मिलता है.रोटरी क्लब आफ भिवंडी द्वारा मानवता की सेवा की खातिर प्रतिवर्ष अस्थमा शिविर का आयोजन कर रोगियों को मुफ्त औषधि का लाभ दिया जाता है. अस्थमा शिविर में रोटरी असिस्टेंट गवर्नर जगदीश म्हात्रे, रोटरी क्लब आफ भिवंडी प्रेसीडेंट राजू पालीवाल, सेक्रेट्री महेश आंग्रे,अस्थमा प्रोजेक्ट चेयरमैन पुरुषोत्तम दास पटेल,रोटरी डिस्ट्रिक्ट सेक्रेट्री हरीश चंद्रा,सीनियर रोटेरियन रमेश मलानी, मु.इलियास भाई, दीपक गांधी,मुरली हेड़ा, शैलेश मेहता,सुरेश गरेला, सुरेन्द्र बजाज, जयकुमार थेरानी, सुनील रोरा, महेश कुमावत सहित भारी संख्या में रोटेरियन उपस्थित थे.

# अल्हम्द हाईस्कूल में वार्षिक क्रीड़ा स्पर्धा का उद्घाटन समारोह संपन्न



**भिवंडी.** शिक्षा के साथ खेल कूद में भी रुचि लेना आवश्यक है. खेलकूद से ही छात्र स्वस्थ एवं फुर्तीले होते हैं.शिक्षा के साथ खेलकूद में महारत रखने वाले विद्यार्थी भी सराहनीय करियर बना सकते हैं.उक्त विचार प्रख्यात डॉक्टर एवं लेखक अबूतालिब अंसारी ने अल्हम्द हाईस्कूल एंड ज्यु कालेज ग्राउंड पर रेड,ग्रीन,यलो और ब्लू हाउस के बीच सम्पन्न होने वाले 3 दिवसीय वार्षिक खेलकूद स्पर्धा के उदघाटन समारोह के अवसर पर ब्यक्त किये. उद्घाटन समारोह अल्हम्द एज्युकेशन सोसायटी के उपाध्यक्ष मुशताक बेग की अध्यक्षता में आयोजित किया गया.विशेष अतिथि के रूप में पूर्व कॉरपोरेटर हाजी नोमान खान,डॉ अबूतालिब अंसारी एवं पूर्व कार्पोरेटर वसीम अंसारी उपस्थित थे. अल्हम्द एजुकेशन सोसायटी के पदाधिकारी एवं सदस्यों में सचिव रेयाजुद्दीन खान,सहसचिव डॉ नियाज़ आज़मी,अल्हम्द हाईस्कूल चेयरमैन अब्दुल अज़ीज़ अंसारी,खान कयामुद्दीन आदि उपस्थित थे.अल्हम्द हाईस्कूल एंड ज्यु कालेज तथा अल्हम्द प्रायमरी स्कूल (उर्दू एवं इंग्लिश मीडियम) के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने स्पोर्ट्स इंचार्जेस मोमिन अनीसा,गफ्फार खान,अख़लाक़ अंसारी के मार्गदर्शन में अपने अध्यापकों के निर्देशन में मार्च पास द्वारा अतिथियों को सलामी पेश की. विद्यार्थियों ने पिरामिड शारीरिक शिस्त का प्रदर्शन करते हुए लेजिम,स्लो मोशन कबड्डी,गोल्डेन गर्ल्स, फायर इवेंट,रस्सा कशी एवं प्राइमरी सेक्शन के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का सराहनीय प्रदर्शन किया जिसे उपस्थित अभिभावकों एवं दर्शकों ने खूब सराहा.

## आम सूचना

मैं श्रीमती सुवर्णा अशोक बामणकर सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, महात्मा गांधी नगर, बालकनजी बारी के पास, खेमानी रोड, बैरक नं. 681 के सामने, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 25बीओ017215800(पार्ट). श्रीमती हौसाबाई आर. बामणकर का निधन 12.7.2016 को हुआ और श्री रघुनाथ दत्तात्रय बामणकर का निधन 2.2.1988 को हुआ। उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सुजाता सोपान घोरपडे, श्री गजानन रघुनाथ बामणकर, श्रीमती उषा जगदीश जाधव व श्री अशोक रघुनाथ बामणकर के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 7.12.2024 सी.नं. 5462/2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सुवर्णा अशोक बामणकर**

**STAFF REQUIRED**

SINDHI MALE

Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification-

CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

# कॉलेज में कम अटेंडेंस रहती थी: मलाइका



मलाइका अरोड़ा ने हाल ही में अपने मॉडलिंग करियर के शुरूआती समय के कुछ किस्से शेयर किए हैं। इस दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने काफी कम उम्र में ही काम करना शुरू कर दिया था।

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने कर्ली टेल्स से बातचीत में अपने कॉलेज और मां से जुड़ा किस्सा शेयर किया। उन्होंने कहा- मां को अक्सर मेरी कम अटेंडेंस के कारण कॉलेज से कॉल आते थे।

इस बातचीत के दौरान मलाइका से एक सवाल पूछा गया कि उन्होंने कॉलेज में रहते हुए मॉडलिंग कैसे शुरू की। जिस पर एक्ट्रेस ने जवाब देते हुए कहा- 'मैंने जय हिंद कॉलेज में दो साल पूरे किए फिर उसके बाद मॉडलिंग शुरू कर दी थी। हालांकि, यह काफी मुश्किल था क्योंकि मेरी मां को कॉलेज से कॉल आने लग गए थे कि मेरी कॉलेज अटेंडेंस कम है। मेरी अटेंडेंस इसलिए कम हो गई थी क्योंकि मैंने कुछ एडवर्टाइजमेंट और कुछ शो में काम करना शुरू कर दिया था। कॉलेज से बार-बार कॉल आने के बाद एक्ट्रेस ने अपनी मां को बताया कि वह काम करना चाहती हैं क्योंकि वह इंडिपेंडेंट रहना चाहती हैं।'

### फेम और इंडिपेंडेंसी चाहती थीं एक्ट्रेस

इस बातचीत के दौरान एक्ट्रेस से एक और सवाल किया गया कि क्या वो फेम और इंडिपेंडेंसी चाहती थीं। इस सवाल का जवाब देते हुए मलाइका ने कहा- मैं हमेशा से इंडिपेंडेंट होना चाहती थी। मुझे कुछ ऐसा करना थी जिससे मुझे वेल्यू मिले। जहां तक पैसे की बात है, तो पैसा मेरे लिए इतना जरूरी नहीं था। अगर हम काम करते हैं तो पैसा तो मिलता ही है।

एक्ट्रेस ने कहा- मुझे काम इसलिए नहीं करना था कि मुझे अपना घर चलाने की जरूरत थी। लेकिन मुझे लगता था कि इससे मैं मेरी मां की मदद कर सकती हूं। ये एक अच्छा तरीका है क्योंकि मेरी मां सिंगल पैरेंट हैं। ऐसा नहीं है कि मेरी मां ने कभी इसकी उम्मीद की थी, लेकिन मुझे ही लगता था कि बड़ी बेटी होने के नाते यह मेरी रिस्पांसिबिलिटी है।

उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985


Late Shri. ASHOK U. BODHA
18-02-1945 to 19-12-2017

www.ulhasvikas.com
epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099